Gram : UNIVERSITY
FAX: 0512-2585280
Web: www.kanpuruniversity.org
e-mail I.D.-coe@kanpuruniversity.org

| | OFF. | RESI. |
|---|---|---|
| V.C. : | 2581280 | 2584280 |
| REGI.: | 2580044 | 2580281 |
| Office : | | |


# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
# CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

कल्याणपुर, कानपुर
KALYANPUR, KANPUR

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./क्री.comp/4602/2021

दिनांक : 27/12/2021

## कार्यालय ज्ञाप

मा0 कुलपति जी की अध्यक्षता में क्रीडा परिषद की सम्पन्न बैठक दिनाक 13.12.2021 में प्रस्तुत प्रस्ताव पर कार्य परिषद दिनांक 14.12.2021 के अनुमोदनोपरान्त सत्र 2021-22 एवं 2022-23 हेतु निम्नानुसार क्रीडा समिति गठित की जाती है।

| क्र0सं0 | नाम | पदनाम | विश्वविद्यालय / कालेज नाम | दूरभाष संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 विनय कुमार पाठक | अध्यक्ष, कुलपति | सी0एस0जे0एम0यू0, कानपुर | |
| 2. | निदेशक, सी0डी0सी0 | उपाध्यक्ष | सी0एस0जे0एम0यू0, कानपुर | 7905507954 |
| 3. | वित्त अधिकारी | कोषाध्यक्ष | सी0एस0जे0एम0यू0, कानपुर | |
| 4. | कुलसचिव | पदेन सदस्य | सी0एस0जे0एम0यू0, कानपुर | 9369601454 |
| 5. | क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल, कानपुर | पदेन सदस्य | क्षेत्रीय अधिकारी कार्यालय, कानपुर । | 7351061214 |
| 6. | अधिष्ठाता, छात्र कल्याण | पदेन सदस्य | सी0एस0जे0एम0यू0, कानपुर | 9669601490 |
| 7. | सहा0 कुलसचिव(सम्ब0) | पदेन सदस्य | सी0एस0जे0एम0यू0, कानपुर | |
| 8. | क्रीडा उपनिदेशक | पदेन सदस्य | ग्रीन पार्क स्टेडियम, कानपुर | |
| 9. | डा0 प्रीती पाण्डेय | संयुक्त सचिव | एस0एन0सेन बालिका पी0जी0 कालेज, कानपुर | 9453131317 |
| 10. | डा0 सुशील शुक्ला | संयुक्त सचिव | पी0पी0एन0 कालेज, कानपुर | 9415483562 |
| 11. | डा0 आर0पी0सिंह | सचिव , क्रीडा परिषद | सी0एस0जे0एम0यू0, कानपुर | 9792003292 |
| | **माननीय कुलपति जी द्वारा नामित विशिष्ट सदस्यगण** | | | |
| 12. | डा0 आनन्द शुक्ला | प्राचार्य | डी0एस0एन0 कालेज, उन्नाव | |
| 13. | डा0 शशि प्रभा | प्राचार्य | पी0एस0एम0 कालेज, कन्नौज | |
| 14. | डा0 सुहैल रजा | सदस्य | पी0पी0एन0 कालेज, कानपुर | 9336184977 |
| 15. | डा0 दीपाली निगम | सदस्य | महिला महाविद्यालय, कानपुर | 9454346912 |
| 16. | डा0 आनन्द गौतम | सदस्य | वी0जी0एम0 कालेज, औरैया | 9917712747 |
| 17. | डा0नीरज प्रताप सिंह | सदस्य | चौ0चरण सिंह डिग्री कालेज, इटावा | 8765493134 |
| 18. | डा0 अतुल शर्मा | सदस्य | राजकीय डिग्री कालेज, अकबरपुर, कानपुर देहात | 9450352136 |
| 19. | क्रीडा परिषद द्वारा नामित सदस्य | विशेष आमंत्रित सदस्य | खिलाड़ी प्रतिनिधि/पदक विजेता-अंतर विश्वविद्यालय | |
| 20. | क्रीडा परिषद द्वारा नामित सदस्य | विशेष आमंत्रित सदस्य | छात्र प्रतिनिधि, सीएसजेमएयू, कानपुर | |

डॉ0(अनिल कुमार यादव)
कुलसचिव

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –**

1– समिति के सम्मानित सदस्यगण।
2– निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
3– वैय0 सहायक, वित्त अधिकारी/कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक।
4– सम्बन्धित पत्रावली ।

कुलसचिव

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

## कार्यवृत्त

दिनांक 04 दिसम्बर, 2021 को अपराह्न 3:30 बजे विश्वविद्यालय परिसर स्थित सेन्टर फॉर एकेडमिक्स भवन में सम्पन्न हुई शारीरिक शिक्षा एवं मनोरंजन स्थायी समिति की बैठक की कार्यवाही:-

बैठक में निम्नांकित सदस्यगण उपस्थित हुये:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 विनय कुमार पाठक, कुलपति, सी.एस.जे.एम.यू. कानपुर | अध्यक्ष |
| 2. | डा0 अनिल कुमार यादव, कुलसचिव, सी.एस.जे.एम.यू. कानपुर | उपाध्यक्ष |
| 3. | प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, सी.एस.जे.एम.यू. कानपुर | सदस्य |
| 4. | डा0 आर.के. द्विवेदी, निदेशक, सी.डी.सी., सी.एस.जे.एम.यू. कानपुर | सदस्य |
| 5. | श्री जितेन्द्र कुमार वर्मा, वित्त एवं लेखाधिकारी, सी.एस.जे.एम.यू. कानपुर | सदस्य |
| 6. | डा0 राजेश किशोर त्रिपाठी, प्राचार्य, जनता कालेज, बकेवर, इटावा, | सदस्य |
| 7. | डा0 अनूप कुमार सिंह, प्राचार्य, पी.पी.एन. कालेज, कानपुर, | सदस्य |
| 8. | डा0 आनन्द स्वरूप शुक्ला, प्राचार्य, डी.एस.एन. कालेज, उन्नाव, | सदस्य |
| 9. | डा0 रवि कुमार, प्राचार्य, तिलक डिग्री कालेज, औरैया, | सदस्य |
| 10. | डा0 अरूण कुमार दीक्षित, प्राचार्य, डी.ए.वी. कालेज, कानपुर, | सदस्य |
| 11. | डा0 सुनन्दा दुबे, प्राचार्या, डी.जी. कालेज, कानपुर, | सदस्या |
| 12. | डा0 पूनम विज, प्राचार्या, कानपुर विद्या मन्दिर कालेज, कानपुर, | सदस्या |
| 13. | डा0 ममता वर्मा, प्राचार्या, जुहारी देवी गर्ल्स पी.जी. कालेज, कानपुर, | सदस्या |
| 14. | डा0 प्रीति पाण्डेय, एसो.प्रोफेसर, एस.एन.सेन. बालिका पी.जी. कालेज, कानपुर | सदस्या |
| 15. | डा0 सुशील कुमार शुक्ला, एसो.प्रोफेसर,, पी.पी.एन. कालेज, कानपुर | सदस्य |
| 16. | डा0 सुनील सिंह सेंगर, एसो.प्रोफेसर,, के.के. कालेज, इटावा | सदस्य |
| 17. | डा0 कपिल दीक्षित, एसो.प्रोफेसर, अर्मापुर पी.जी. कालेज, अर्मापुर, कानपुर | सदस्य |
| 18. | डा0 राजेश प्रताप सिंह, एसो.प्रोफेसर, सी.एस.जे.एम.यू. कानपुर | पदेन सचिव |

**बैठक की कार्यवाही :**

सर्वप्रथम क्रीड़ा सचिव ने शारीरिक शिक्षा एवं मनोरंजन स्थायी समिति के उपस्थित माननीय सदस्यों सहित नवनियुक्त सदस्यों का स्वागत किया, एवं तत्पश्चात माननीय अध्यक्ष महोयद की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की ।

4/12/2021

04.12.2021

| | |
|---|---|
| **प्रस्ताव संख्या 01** | शारीरिक शिक्षा एवं मनोरंजन स्थायी समिति की विगत बैठक दिनांक 13.09.20 की कार्यवाही की पुष्टि पर विचार करना । |
| **निर्णय-** | शारीरिक शिक्षा एवं मनोरंजन स्थायी समिति ने दिनांक 13.09.2019 की अपनी बैठक की कार्यवाही की सर्वसम्मति से पुष्टि की । |
| **प्रस्ताव संख्या 02** | भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली के द्वारा निर्गत स्पोर्ट्स कैलेण्डर के सापेक्ष सत्र 2021-22 में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर को आवंटित अर्न्तविश्वविद्यालयीय प्रतियोगिताओं को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किये जाने के अनुमोदन के सम्बन्ध में । (इस सत्र में नार्थजोन एवं अखिल भारतीय अर्न्तविश्वविद्यालयीय क्रिकेट (पु0), अखिल भारतीय अर्न्तविश्वविद्यालयीय जूडो (पु0 एवं म0), अखिल भारतीय अर्न्तविश्वविद्यालयीय वुशू (पु0 एवं म0) प्रतियोगिताओं का आवंटित हुई है) |
| **निर्णय-** | समिति ने सर्वसम्मति से उपरोक्तानुसार विभिन्न अखिल भारतीय एवं नार्थजोन अन्तर्विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिताओं 2021-22 का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में कराये जाने पर स्वीकृति प्रदान की तथा डा0 आर.पी. सिंह, पदेन क्रीड़ासचिव, प्रतियोगितों के आयोजन सचिव होगें तथा अग्रेतर आयोजन की कार्यवाही की अनुमति प्रदान की व क्रीड़ा सचिव द्वारा वित्त समिति से व्यय बजट का अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा । |
| **प्रस्ताव संख्या 03** | उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएसन (UPCA) के द्वारा छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय की सदस्यता समाप्त किये जाने पर अभी तक कोई भी निर्णय न हो पाने के कारण विश्वविद्यालय द्वारा कानूनी कार्यवाही किये जाने पर विचार । |
| **निर्णय-** | समिति ने माननीय कुलपति जी को यथाउचित निर्णय लेने हेतु अधिकृत किया । |
| **प्रस्ताव संख्या 04** | विश्वविद्यालय में अध्यनरत छात्र/छात्राओं के द्वारा क्रीड़ा मद में जमा किये जाने वाले क्रीड़ा शुल्क में वृद्धि पर विचार । |
| **निर्णय-** | समिति ने वर्तमान परिदृश्य में मंहगाई को दृष्टिगत रखते हुये क्रीड़ाकोष में जमा की जाने वाले क्रीड़ा शुल्क की धनराशि में वृद्धि कर रू0 20/- (प्रति छात्र) के स्थान पर रू0 50/- (प्रति छात्र) सत्र 2022-23 से लिये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया । |
| **प्रस्ताव संख्या 05** | अर्न्तमहाविद्यालयीय प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु आयोजको को दी जाने वाली फिक्स सहायता अनुदान धनराशि (टोकन राशि) में बृद्धि पर विचार ।<br>अर्न्तमहाविद्यालयीय प्रतियोगिताओं को आयोजन कराने वाले महाविद्यालय/संस्थानो/विश्वविद्यालय परिसर के विभागों को दिये जाने वाले फिक्स सहायता अनुदान धनराशि (टोकन राशि) दी जाती है, उसमें विगत कई वर्षो से बृद्धि नही हुयी है आयोजको को अपने क्रीड़ा शुल्क से प्रतियोगिताओं को आयोजित कराने में परेशानी का सामना करना पड़ता है । अतः प्रस्ताव है कि क्रीड़ा गतिविधियों के सुचारू रूप से आयोजन के दृष्टिकोण से सहायता अनुदान (टोकन राशि) में वृद्धि की स्वीकृति किये जाने के सम्बन्ध में विचारार्थ । |
| **निर्णय-** | विश्वविद्यालय परिसर में अध्यनरत विभिन्न छात्र/छात्राओं के समग्र विकास हेतु माननीय कुलपति जी ने सत्र 2021-22 से विभिन्न महाविद्यालयों के मध्य जनपदीय एवं अर्न्तजनपदीय प्रतियेगिताओं को आयोजित किये जाने के निर्देश दिये ।<br>सत्र 2021-22 में क्रमशः 1. एथलेटिक्स (पु0/म0), 2. बैडमिन्टन (पु0/म0), 3. शतरंज, (पु0/म0) 4. फुटबाल (पु0/म0), 5. कबड्डी (पु0/म0), 6. खो-खों (पु0/म0), 7. टेबिल टेनिस (पु0/म0), 8. वालीबाल(पु0/म0) एवं 9. योग (पु0/म0) के खेलों की जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन विभिन्न जनपदों में कराया जायेगा एवं जनपदीय प्रतियोगिताओं के प्रथम स्थान प्राप्तकर्ता खिलाड़ियों/टीमों की अर्न्तजनपदीय प्रतियोगिताओं का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया जायेगा ।<br>विभिन्न जनपदीय प्रतियोगिताओं के आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिये डा0 प्रीति पाण्डेय, एस.एन. सेन कालेज, कानपुर के द्वारा प्रस्तुत अनुमानित बजट में रू0 36,14,240/- के बजट की स्वीकृत पर सहमति प्रदान की ।<br>विभिन्न अर्न्तजनपदीय प्रतियोगिताओं के आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिये डा0 आर.पी. सिंह, क्रीड़ा सचिव के द्वारा प्रस्तुत अनुमानित बजट में रू0 5.14 लाख के बजट की स्वीकृत पर सहमति प्रदान की । |

4/12/2021

04.12.2021

| | |
|---|---|
| | समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि अर्न्तविश्वविद्यालयीय टीमों का चयन विश्वविद्यालय परिसर में ओपेन ट्रायल के द्वारा किया जायेगा । निर्णायकों का भुगतान, टेन्ट, बोर्डिंग व लॉजिंग तथा क्रीड़ा संकलो को तैयार करने आदि के लिये अनुमानित रू0 05 लाख के व्यय पर स्वीकृत प्रदान की ।<br>उपरोक्त जनपदीय एवं अर्न्तजनपदीय प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु जनरल एडमिनिस्टेटिव इन्सट्रकसन्स तैयार करने के लिये डा0 अरूण कुमार दीक्षित, प्राचार्य, डी.ए.वी कालेज, कानपुर की अध्यक्षता में डा0 प्रीति पाण्डेय, एस.एन.सेन कालेज, कानपुर, डा0 सुशील कुमार शुक्ला, पी.पी.एन. कालेज, कानपुर एवं डा0 कपिल दीक्षित, अर्मापुर पी.जी. कालेज, कानपुर की समिति गठित की । |
| **प्रस्ताव संख्या 06 क** | अर्न्तविश्वद्यालयीय प्रतियोगिताओं में निर्णायकों/रेफरी को प्रतिदिन दिये जाने वाले पारिश्रमिक के निर्धारण पर विचार । |
| **निर्णय-** | समिति ने अर्न्तविश्वद्यालयीय प्रतियोगिताओं में निर्णायकों/रेफरी को प्रतिदिन रू0 2000/- पारिश्रमिक व विश्वविद्यालयीय नियमानुसार टी.ए. तथा गेस्ट हाउस में निशुल्क रूकने व भोजन की सुविधा दिये जाने पर स्वीकृत प्रदान की । |
| **प्रस्ताव संख्या 06 ख** | भारतीय/नार्थजोन अर्न्तविश्वविद्यालयीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली टीमों के मैनेजर/प्रशिक्षक/अध्यापक/खिलाड़ी/पर्यवेक्षक एवं अनुचरों को प्रतिदिन के हिसाब से दिये जाने वाले दैनिक भत्ता/टूर्नामिन्ट चार्जेस में वृद्धि पर विचार ।<br>वर्तमान में निम्नानुसार भुगतान किया जाता है-<br>**खिलाडी -**<br>**टूर्नामिन्ट चार्ज** - रू0 200/- प्रतिदिन, (वास्तविक खेल दिवस)<br>**दैनिक भत्ता** - पूर्व वर्ष की तरह रू0 300/- प्रतिदिन (यात्रा प्रारम्भ के दिन से कानपुर सेन्ट्रल रेलवे स्टेशन वापस आने की तिथि तक) ।<br>**कोच/मैनेजर/पर्यवेक्षक -**<br>**टूर्नामिन्ट चार्ज** - रू0 400/- प्रतिदिन, (यात्रा प्रारम्भ के दिन से कानपुर सेन्ट्रल रेलवे स्टेशन वापस आने की तिथि तक) ।<br>**चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी -**<br>**टूर्नामिन्ट चार्ज** - रू0 200/- प्रतिदिन, (यात्रा प्रारम्भ के दिन से कानपुर सेन्ट्रल रेलवे स्टेशन वापस आने की तिथि तक) । |
| **निर्णय-** | समिति ने खिलाड़ियों को रू0 600/- प्रतिदिन, कोच/मैनेजर/पर्यवेक्षक को रू0 1000/- प्रतिदिन (यात्रा प्रारम्भ के दिन से कानपुर सेन्ट्रल रेलवे स्टेशन वापस आने की तिथि तक) दैनिक भत्ता यथासम्भव उनके बैंक खाते में दिये जाने की स्वीकृत प्रदान की । |
| **प्रस्ताव संख्या 07** | विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्टेडियम के पूर्व दिशा की बाउण्ड्री वाल का विस्तार कर क्रिकेट स्टेडियम व 03 टर्फ विकेट तथा प्रैक्टिस हेतु 04 सीमेन्टेड विकेट निर्मित कराने/बनवाने पर विचार ।(विश्वविद्यालय परिसर के छात्रावासों में निवासितो एवं विभिन्न संकायो के विद्यार्थियों के साथ दिनांक 24.11.2021 की बैठक में छात्रों द्वारा क्रिकेट खेलने की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गई एवं इस वर्ष विश्वविद्यालय परिसर में अखिल भारतीय एवं नार्थजोन अर्न्तविश्वविद्यालयीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाना है, जिसके लिये क्रिकेट की टर्फ व प्रैक्टिस विकेट्स निर्मित कराया जाना आवश्यक है) । |
| **निर्णय-** | उक्त विषयक के सम्बन्ध में समिति ने सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की व क्रीड़ा सचिव विभिन्न अनुभवी फर्मो के विस्तृत स्टीमेट प्राप्त कर माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ व स्वीकृतार्थ प्रस्तुत करेंगे । |
| **प्रस्ताव संख्या 08** | विश्वविद्यालय परिसर के स्टेडियम में सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक के निर्माण पर विचार । (वर्तमान में सभी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन सिंथेटिक ट्रैक में ही किया जाता है, जिसके कारण हमारे खिलाड़ियों को भी सिंथेटिक ट्रैक पर प्रैक्टिस कराये जाने की आवश्यकता है, जिससे उनका प्रदर्शन स्तरीय हो सके) |

| | |
|---|---|
| निर्णय- | उक्त विषयक पर समिति ने रू0 6.50 करोड़ के अनुमानित व्यय पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की एवं कार्य को देश की प्रतिष्ठित व अनुभवी फर्मो से ही कराये जाने पर अनुमोदन/सहमति प्रदान की । |
| प्रस्ताव संख्या 09 | विश्वविद्यालय परिसर में 04 सिंथेटिक लॉन टेनिस कोर्ट, कुश्ती व वेट लिफ्टिंग हॉल के निर्माण पर विचार । |
| निर्णय- | उपर्युक्त विषयक पर समिति ने वर्तमान में 02 सिंथेटिक लॉन टेनिस कोर्ट निर्मित कराने हेतु रू0 45 लाख के अनुमानित व्यय पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान करते हुये कार्य को देश की प्रतिष्ठित व अनुभवी फर्मों से ही कराये जाने पर अनुमोदन/सहमति सर्वसम्मति से प्रदान की । |
| प्रस्ताव संख्या 10 | स्पोर्ट्स हास्टल के उच्चीकरण एवं आवश्यक फर्नीचर, कूलर, किचन सामग्री इत्यादि से सुसज्जित किये जाने पर विचार । |
| निर्णय- | समिति ने उपरोक्त विषयक प्रस्ताव पर रू0 10 लाख के अनुमानित व्यय स्वीकृत करने की सर्वसम्मति से सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की तथा कुलपति जी ने अधिकतम 03 कार्य दिवसों में त्रिसदस्यीय समिति क्रमशः डा0 प्रीति पाण्डेय, एस.एन.सेन कालेज, कानपुर, डा0 सुशील कुमार शुक्ला, पी.पी.एन. कालेज, कानपुर एवं डा0 कपिल दीक्षित, अर्मापुर पी.जी. कालेज, कानपुर को कराये जाने वाले कार्यो का विवरण/आवश्यकताओं एवं व्यय बजट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया । |
| प्रस्ताव संख्या 11 | विश्वविद्यालय परिसर एवं महाविद्यालय में छात्रो को स्पोर्ट्स कोटे के अन्तर्गत विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश देने पर विचार । |
| निर्णय- | उपरोक्त विषयक प्रस्ताव पर कुलपति जी द्वारा नियमावली/पालिसी डाकूमेन्ट्स तैयार करने के लिये डा0 अनूप कुमार सिंह, पी.पी.एन. कालेज, कानपुर की अध्यक्षता में क्रमशः डा0 प्रीति पाण्डेय, एस.एन.सेन कालेज, कानपुर, डा0 सुशील कुमार शुक्ला, पी.पी.एन. कालेज, कानपुर एवं डा0 कपिल दीक्षित, आर्मापुर पी.जी. कालेज, कानपुर की समिति गठित करते हुये अधिकतम 03 कार्यदिवसों में आख्या प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया । |
| प्रस्ताव संख्या 12 | विश्वविद्यालय की टीमों को रेलवे कन्सेसन समय पर न बन पाते है तथा स्लीपर क्लास में कंफर्म रिजर्वेशन नही मिलता है, जिसके कारण खिलाड़ियों को अत्यधिक परेशानी होती है । ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय की टीमों को स्लीपर/ए.सी. बसो अथवा शताब्दी चेयर कार/3ए.सी./स्लीपर क्लास में उपलब्धता अनुसार भेजने पर विचार । |
| निर्णय- | उपरोक्त विषयक प्रस्ताव पर कुलपति जी द्वारा भविष्य में विश्वविद्यालय के द्वारा अनुबन्धित ट्रैवल्स एजेन्ट के माध्यम से खिलाड़ियों/कोच/मैनेजर को यात्रा हेतु रिजर्वेशन कराये जाने का निर्देश प्रदान किया । |
| प्रस्ताव संख्या 13 | सत्र 2021-22 में अन्तर्महाविद्यालयीय प्रतियोगिताओं/ट्रायल के आयोजन हेतु विभिन्न महाविद्यालयों/ विश्वविद्यालय परिसर को खेल प्रतियोगिताओं का आवंटन । |
| निर्णय- | सत्र 2021-22 में जनपदीय व अन्तर्जनपदीय प्रतियोगिताओं का आयोजन कराये जाने के कारण अन्तर्महाविद्यालयीय प्रतियोगिताओं का आयोजन नहीं कराया जायेगा । |

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दुः-

1. विश्वविद्यालय परिसर स्थित बहुउद्देशीय हॉल की फ्लोरिंग की मरम्मत/बदलाने के सम्बन्ध में ।

उपरोक्त विषयक के सम्बन्ध में समिति ने बहुउद्देशीय हॉल में PVC Indoor Flooring 7mm thicknes कराये जानें के लिये अनुमानित रू0 20 लाख के व्यय पर सैद्धान्तिक स्वीकृत प्रदान की ।

अन्त में क्रीड़ा सचिव द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक समाप्ति की घोषणा की गई ।

04.12.2021

डा0(राजेश प्रताप सिंह)
पदेनसचिव/एसो0 प्रोफेसर
शा0शि0 एवं मनोरंजन स्थायी समिति

डा0(अनिल कुमार यादव)
उपाध्यक्ष/कुलसचिव
शा0शि0 एवं मनोरंजन स्थायी समिति

प्रो0(विनय कुमार पाठक)
अध्यक्ष/कुलपति
शा0शि0 एवं मनोरंजन स्थायी समिति